भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3234

जिसका उत्तर मंगलवार 7 अगस्त, 2018 को दिया जाना है

एचएनएल को अलग करना

3234. डॉ शशि थरूर:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचएनएल), केरल को हिंदुस्तान पेपर कॉरपोरेशन से अलग करने तथा इसे भारी उद्योग और लोक उद्यम विभाग के नियंत्रणाधीन प्रत्यक्ष रूप से एक स्वतंत्र उद्यम बनाने और इसे एक लाभदायक कंपनी बनाने हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के संबंध में केरल के मुख्यमंत्री की ओर से पत्र प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस सुझाव को स्वीकार कर लिया है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में प्राप्त सुझावों को कार्यान्वित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री

(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क): जी हां।

(ख): आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडल समिति के निर्णय के आधार पर एचएनएल का कार्यनितिक विनिवेश आरंभ किया गया है।

(ग): प्रश्न नहीं उठता।

****